श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
A Central University established by an Act of Parliament
(Formerly Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapeetha, Deemed to be University)

क्रमांक : एफ 1(227)/एल.बी.एस.एन.एस.यू./जी.ए.डी/2021 22/610 दिनांक : 25.07.2022
01.08

कार्यालयीय सूचना

सक्षम अधिकारी के आदेशानुसार दिनांक 04.02.2022 को अपराह्न 3:00 बजे विश्वविद्यालय के शोध एवं प्रकाशन विभाग से प्रकाशित होने वाले ग्रंथो में संपादकों के नामों से संबंधित निर्णयात्मक अनुशंसा हेतु गठित समिति की बैठक आहूत की गई थी। समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय को माननीय कुलपति महोदय द्वारा स्वीकृत किया गया है जो निम्नलिखित है:

(1) श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के शोध एवं प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित समस्त प्रकाशनों के प्रधान संपादक पदेन माननीय कुलपति जी होंगें।

(2) श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में कार्यरत विद्वानों के शोध एवं प्रकाशन विभाग से प्रकाशित होने वाले सभी मौलिक ग्रंथों के विषय में निम्न व्यवस्था होगी:

(क) विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति का नाम प्रधान संपादक के रूप में पदेन अंकित होगा।

(ख) मौलिक ग्रन्थ के रचयिता/ग्रन्थकर्ता का नाम लेखक के रूप में अंकित होगा।

(ग) विश्वविद्यालय के शोध एवं प्रकाशन विभाग का नाम भी ग्रन्थ पर अंकित होगा।

(3) श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के शोध एवं प्रकाशन विभाग से प्रकाशित होने वाले विश्वविद्यालय के अतिरिक्त बाह्य विद्वानों के सभी प्रकाशनों के विषय में निम्न व्यवस्था होगी:

(क) विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति का नाम प्रधानसंपादक के रूप में पदेन अंकित होगा।

(ख) मौलिक ग्रन्थ के रचयिता/ग्रन्थकर्ता का नाम लेखक के रूप में अंकित होगा।

(ग) यदि ग्रन्थ किसी मूल रचयिता/ग्रंथकर्ता की रचना का पुन: प्रकाशन/संपादन अथवा शोध पत्रों का संकलन है तो प्रस्तावक ही संपादक होगा। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार संपादक एक संपादक मंडल की स्वीकृति माननीय कुलपति से ले सकता है।

(घ) विश्वविद्यालय के शोध एवं प्रकाशन विभाग का नाम भी ग्रन्थ पर अंकित होगा।

(4) विश्वविद्यालय से प्रकाशित होने वाले सभी ग्रंथों में प्रकाशक के रूप में शोध एवं प्रकाशन विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का नाम अंकित किया जाएगा।

मनजीत सिंह

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

प्रतिलिपि:

1. समस्त संकाय प्रमुख/विभागाध्यक्ष
2. अध्यक्ष शोध एवं प्रकाशन विभाग
3. समस्त अध्यापकगण
4. कुलसचिव के निजी सचिव
5. वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के आशय से संगणक केन्द्र को प्रेषित

मनजीत सिंह

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

For n.a.pls.
Sh. Sachin
02/08/22